04 पुलिस ने 306 लीटर 1.75 लाख रुपए की ...



08 जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच...



## खबर संक्षेप

### मेंटेनेंसः आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

**नर्मदापुरम।** प्रबंधक शहर जोन-1 म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. नर्मदापुरम ने बताया कि 2 सितंबर को 11 केवी लाइन, ग्वालटोली सबस्टेशन मेंटेनेंस का किया जाना है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। बताया गया कि 2 सितंबर को सुबह 11 से 3 बजे तक शहर जोन-1 क्षेत्र अंतर्गत 2025 को ग्वालटोली सबस्टेशन अंतर्गत सिंधी कालोनी, संजय नगर, आदमगढ़, नुक्कड चौक, लश्कर चौक, सात इमली, काली मंदिर,फूल बगीचा, रेल्वे पुलिया, पन्नी मोहल्ला, किरन होटल, सात इमली आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### स्वरोजगार योजना से जुड़ने करें आवेदन

**नर्मदापुरम।** प्रदेश के शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मध्यप्रदेश शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की गई है। योजनान्तर्गत युवाओं को स्वयं का उद्योग सेवा, व्यवसाय उद्यम स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर लोन प्राप्त किये जाने हेतु परियोजना लागत राशि 50 हजार से राशि रूपये 50 लाख तक की परियोजना प्रस्तुत की जा सकती है।

### आयोजित हुईं एड्स जागरुकता कार्यशालाएं

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल एवं सीएमएचओ, नोडल अधिकारी टीबी-एचआईवी नियंत्रण समिति नर्मदापुरम के निर्देशानुसार जिले में सघन जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय एड्स जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन क्रमशः सीएचसी सोहागपुर में डॉ. संदीप केरकेट्टा एवं डॉ. रेखा गौर की अध्यक्षता में, सुखतवा में डॉ. आरएस मीना की अध्यक्षता में तथा माखननगर में डॉ. कल्याणी यादव की अध्यक्षता में हुआ। इन कार्यशालाओं में स्वास्थ्य सुपरवाइजर, महिला एवं पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि शामिल रहे।

समय सीमा की बैठक संपन्न, कलेक्टर ने योजनाओं के क्रियान्वयन के दिए निर्देश

# योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए मेहनत करें अधिकारीः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश।

कलेक्टर सोनिया मीना ने सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं के धरातल पर सफल क्रियान्वयन के लिए समस्त अधिकारी अधिक मेहनत करें। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार मूलक योजनाओं से अधिक से अधिक युवाओं को जोडा जाए। साथ ही निर्देश दिये कि आईटीआई में महिला आरक्षित रिक्त सीटों पर छात्राओं के प्रवेश हेतु शिक्षा विभाग एवं संबंधित एसडीएम समन्वय स्थापित कर कार्य करें और रिक्त सीटों पर छात्राओं का एडमिशन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक के दौरान निर्देश दिए की जिले की समस्त जपंसीईओ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर यूनिट स्थापना की तैयारी करें।



### समय-सीमा प्रकरणों का तत्परता से करें निराकरण

बैठक के दौरान समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निराकृत हो चुके प्रकरणों को मौके पर डिलीट करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी समय सीमा के प्रकरणों को गंभीरता से लें। कोई भी प्रकरण अनअटेंडेड स्थिति में ना रखें। कलेक्टर ने इस दौरान संभाग आयुक्त द्वारा चिन्हित किए गए समय सीमा प्रकरणों की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सर्व संबंधित अधिकारी संभागायुक्त कार्यालय से प्राप्त समय सीमा पत्रों का सघनता से परीक्षण करें।

### ई ऑफिस प्रणाली का सभी विभाग करें उपयोग

कलेक्टर ने ई ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की समस्त ब्लॉक एवं तहसील स्तरों पर भी शेष बचे हुए अधिकारियों द्वारा ई ऑफिस के माध्यम से ही फाइलों का संचालन किया जाए। अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार ऑफलाइन मोड में कोई भी अधिकारी फाइल को ना संचालित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए की समग्र ई केवायसी में जिले के समग्र धारियों की ई केवाईसी प्रक्रिया में प्रगति बढ़ाई जाने के लिए समस्त जनपद पंचायत सीईओ विशेष फोकस करें। समय सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए की शेष किसानों को मूंग का भुगतान शीघ्र किया जाए। इस दौरान उपायुक्त सहकारिता द्वारा जानकारी दी गई की अब तक 1400 करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है तथा शेष बचे हुए भुगतान में से 90 करोड़ का भुगतान भी स्वीकृत हो चुका है एवं शेष भुगतान भी शीघ्र ही स्वीकृत होकर किसानों के बैंक खातों में जमा कर दिया जायेगा। कलेक्टर ने इस दौरान जिले में खाद आपूर्ति की भी समीक्षा की।

### शिकायतों को पेंडिंग न रखा जाए

जनसुनवाई के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रति सप्ताह के आधार पर जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करें। साथ ही जिन मामलों में निराकरण किया जा चुका है उसकी जानकारी भी पोर्टल पर अपडेट कर नस्ती सहित प्रस्तुत करें जिससे कि अनावश्यक रूप से मामलों की पैंडेंसी न बढ़े। कलेक्टर ने निर्देश दिए की संबल योजना के तहत समस्त संबंधित अधिकारी सामान्य आवेदन एवं अनुग्रह से संबंधित समस्त अमान्य प्रकरणों को क्लियर करें।

# रविवार शाम हुई जोरदार बारिश साप्ताहिक बाजार में बही सब्जियां

पिछले 12 घंटे में बरसा 3.8 मिमी पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में रविवार शाम से सोमवार सुबह तक लगातार बारिश का सिलसिला जारी रहा। शहर में पिछले 12 घंटे में 3.8 इंच पानी गिरा। सोमवार सुबह भी हल्की बारिश और बादलों ने मौसम को ठंडा रखा।

### सब्जी विक्रेताओं को हुआ नुकसान

रविवार शाम करीब 45 मिनट की तेज बारिश ने शहर की हालत बिगाड़ दी। जयस्तंभ क्षेत्र और आसपास के बाजार में डेढ़ से दो फीट तक पानी भर गया। दुकानों और होटलों में पानी घुस गया, सड़क किनारे लगी दुकानों की सब्जियां बह गईं। जिला अस्पताल परिसर में भी पानी भर गया। वहीं निचली बस्तियों में भी पानी भरने की खबरे आती रहीं।

### अब तक 1144.02 मिमी वर्षा हुई दर्ज

जिले में अब तक 1144.02 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1048.8 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 31 अगस्त से 1 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 85.8 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 10.0 मिलीमीटर, इटारसी में 27.8 मिलीमीटर, माखननगर में 52.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 18.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 0.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में9.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 60.0 एवं तहसील डोलरिया 67.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 942.70 फीट है।

# शहर में स्थित हाईवे पर जल भराव समस्या से नहीं मिल पा रहा छुटकारा, शहरवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर में सांदीपनि विद्यालय के निर्माणाधीन भवन एवं वाइन शॉप के बीचोबीच स्टेट हाईवे पर जलभराव की समस्या है। तीन वर्षों से बनी समस्या का समाधान नहीं होने से नागरिक परेशान हैं। जानकारी अनुसार लोनिवि की पुरानी सड़क के समय यहां एक पुलिया हुआ करती थी। लेकिन नई सड़क बनाए जाने पर पुलिया का अस्तित्व प्रभावित हुआ। जिसके कारण पानी की निकासी सड़क के एक सिरे से दूसरे सिरे तक पुलिया द्वारा नहीं हो पाती है। वहीं एक



बरसाती नाला भी पुलिया के दक्षिणी सिरे पर हुआ करता था। वह नाला भी शासकीय नक्शे में नहीं होने के कारण अब दिखाई नहीं देता है। जिसके चलते चंद मिनिटों की बारिश में ही स्टेट हाईवे पानी में डूब जाता है। लगातार पानी भरा रहने के कारण हाईवे की सड़क कई बार उखड़ी है। जिसे कई बार सुधारा भी गया है, लेकिन समस्या का स्थाई समाधान स्थानीय तथा जिला प्रशासन नहीं खोज पा रहा है।

# नपा टीम ने नगर के बाजार क्षेत्र में की सफाई, घंटों चला अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को हुई अचानक मूसलाधार बारिश से जहां हर क्षेत्र जलमग्न हो गया, वहीं बाजार क्षेत्र में जल भराव की समस्या से निपटने के लिए नगरपालिका द्वारा विशेष टीम को उतारा गया। जेसीबी, पोकलेन और स्वच्छता दूतों की टीमों ने सोमवार को सुबह 6 सुबह बजे से शाम 6 बजे तक तीव्रगति से स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान नाले नालियों से भारी मात्रा में कचरा और गाद निकाला गया।

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका



अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर बाजार क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। चैंबर्स को हटाकर उनकी सफाई कराई गई। इस दौरा नाले नालियों से भारी मात्रा में पालिथिन, थर्माकोल तथा प्लास्टिक की वस्तुएं निकाली गई जो नाले नालियों के जल निकासी मार्ग में फंसकर जल भराव की समस्या उत्पन्न कर रही थी।

### फर्सियां गिरकर फंसी

तिवारी ने बताया कि सोमवार जब स्वच्छता अभियान चलाया गया तो नाले नालियों में लगी फर्सियां गिरकर फंस गई थी जिन्हें जेसीबी की मदद से निकाला गया और जलनिकासी की व्यवस्था की गई। लगातार हम बाजार क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे हैं। लोगों को कचरा सड़क पर न फैंकने के लिए कह रहे हैं।

### दो बार बाजार में जाता है कचरा वाहन

तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा व्यापारीगणों की मांग पर बाजार क्षेत्र में दो बार कचरा वाहन भेजा जा रहा है। जिससे कि व्यापारीगणों के प्रतिष्ठान से निकलने वाले कचरे को समुचित निपटान किया जा सके।

# नर्मदा परिक्रमा पथ व एक बगिया मां के नाम योजना के कार्यों का भी किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत द्वारा 1 सितंबर को सिवनीमालवा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बाबरी, बनाडा ग्वाडी का भ्रमण कर स्वाबलंबी गौशाला योजना, नर्मदा परिक्रमा पथ मार्ग एवं एक बगिया मां के नाम के कार्यों को देखा गया एवं ईकेवायसी हेतु आयोजित कैम्पो का निरीक्षण कर प्रगति के निर्देश सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों को दिये गये।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत बाबरी का चयन पशु पालन विभाग अंतर्गत संचालित स्वाबलंबी गौशाला योजना जिसे कामधेनु निवास नाम भी दिया गया है, उसके तहत हुआ है। इस



योजना के अंतर्गत 125 एकड भूमि में गौ अभ्यारण्य तैयार किया जाना है, जिसमे 5 हजार से अधिक गौवंश रखा जाएगा। उक्त योजना हेतु चिन्हित भूमि का निरीक्षण सीईओ जिला पंचायत रावत द्वारा पशु पालन विभाग के अधिकारियों के साथ किया गया एवं इस गौ अभ्यारण्य में 5 एकड भूमि पर वेलनेश सेंटर भी विकसित होगा। गौ अभ्यारण्य में रखी जाने वाली 30 प्रतिशत गौवंश दुधारू होगा। सीईओ जिला पंचायत द्वारा मौके पर पटवारी एवं नायब तहसीलदार को अभ्यारण्य की भूमि का सीमांकन करने के निर्देश दिये गये। सीईओ जिला पंचायत द्वारा पंचायतों में आयोजित समग्र ईकेवायसी कैम्पों में उपस्थित होकर स्वयं भी हितग्राहियों की ईकेवायसी कर पोर्टल की प्रगति को देखा गया।

# नवाचारी खगोलीय मॉडलों पर शिक्षकों की कार्यशाला हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु नर्मदापुरम के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवाचारी खगोलीय मॉडलों पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से विज्ञान लोकप्रियकरण एवं सामाजिक शोध संस्था रायसेन द्वारा आयोजित की जा रही है।

उद्घाटन सत्र में संयुक्त संचालक डॉ. मनीष वर्मा ने आर्यभट्ट की खगोल विज्ञान में योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि क्रियाशील मॉडलों से विद्यार्थी जटिल खगोलीय अवधारणाओं को आसानी से समझ सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे समर्पित भाव से कार्य कर विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत निर्माण हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर प्रो. जवाहरलाल जैन (पूर्व विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग, सागर यूनिवर्सिटी) और डॉ. श्रीनिवास एस. औंधकार (डायरेक्टर, एमजीएम सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी, औरंगाबाद) ने भी विचार साझा किए। अतिथियों ने खगोलीय मॉडलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया जिसमें सूर्य-चन्द्र ग्रहण, मौसम चक्र, चन्द्र कला, पृथ्वी-चन्द्र गुरुत्वीय क्रिया जैसे प्रयोगों का प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में 55 से अधिक शिक्षक भाग लेंगे।

# एसटीआर के बाघ 'रावण' का अब तक नहीं मिला पंजा, टीम की सारी कोशिशें नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बुजुर्ग बाघ रावण-2 (टी-35) का शिकार करने वाले शिकारी अब तक नहीं पकड़े जा सके हैं। एसटीआर, स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, वन विकास निगम और सामान्य मंडल की टीमें 10 दिनों से शिकार हुए स्थान और शिकारियों की तलाश में जुटी है। लेकिन जांच एर्जेसियों को अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

टीम ने जंगल में तीन खूंखार डॉग भी लगाएं, लेकिन बारिश और कमजोर मुखबिर तंत्र के कारण शिकारियों और घटनास्थल तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। बरसाती पानी आने से घटनास्थल



पर कई साक्ष्य बहकर नष्ट हो गए। इसी वजह से सबूत इकट्ठा करने में दिक्कत हो रही है। साथ ही एसटीआर और सामान्य मंडल का मुखबिर तंत्र भी पर्याप्त जानकारी नहीं दे पा रहा है। इससे यह तय करना मुश्किल हो रहा है कि शिकार बड़े अपराधियों का काम था या स्थानीय स्तर के शिकारियों का। शिकारियों की तलाश में जुटी टीम को आदिवासी और ग्रामीणों के गुस्से का भी सामना करना पड़ रहा है। बढ़ चापड़ा और बारदा में ग्रामीणों ने फॉरेस्ट अधिकारियों पर प्रताड़ना, मारपीट और धमकाने के आरोप लगाए। बढ़ चापड़ा में फॉरेस्ट टीम के गांव में प्रवेश करने तक पर रोक लगा दी गई, जिससे जांच फिलहाल प्रभावित हुई है।

# राज्यसभा सांसद संग नपाध्यक्ष ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान तथा अमृत हरित महाभियान के तहत नगर के समस्त वार्डों में पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद वर्षा भंडारी के वार्ड में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया गया। सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि अतुल भंडारी, अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, उपयंत्री रीना गुप्ता सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधरोपण कर हम मां धरती का श्रंगार करते रहेंगे तो आने वाली पीढ़ी के लिए यह उपहार स्वरूप होगा। सभी को पौधरोपण अवश्य करना चाहिए।

श्रीरामलीला महोत्सव समिति की बैठक का हुआ आयोजन

# 17 सितंबर से शुरू होगा श्रीरामलीला महोत्सव, 16 दिवसीय लीला का समापन 4 अक्टूबर को होगा, 22 को निकलेगी राम बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रीरामलीला महोत्सव समिति के संयोजक प्रशांत मुन्नू दुबे ने बताया कि समिति की वार्षिक बैठक पं गिरिजा शंकर शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गत वर्ष 2024-25 के आय व्यय का लेखा प्रस्तुत किया गया और आगामी वर्ष 2025-26 हेतु बजट निर्धारित किया गया। श्रीरामलीला महोत्सव 2025 के अंतर्गत लीला के मंचन का आगामी आयोजन दिनांक 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 04 अक्टूबर तक होगा जिसमें जिसमें 17 सितम्बर से 28 सितंबर तक की लीलाओं का मंचन सेठानीघाट पर होगा, दि. 22 सितंबर सोमवार को भगवान श्रीराम की भव्य श्रीराम बारात नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जाएगी।

श्रीराम रावण युद्द की लीलाओं का मंचन 29 सितंबर से 2 अक्टूबर दशहरा विजयादशमी तक कि लीलाओं का मंचन दशहरा मैदान पर होगा। दशहरा मैदान में विजया दशमी की रात्रि 9 बजे



विशाल देवी जागरण सम्पन्न होगा, पश्चात पुनः सेठानीघाट पर उत्तर भरतमिलाप 03 और 04 अक्टूबर को श्रीराम राज्याभिषेक की लीला के मंचन से 18 दिवसीय श्रीरामलीला महोत्सव का समापन होगा। समिति की बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं भवानी शंकर शर्मा, पूर्व विधायक पं गिरिजाशंकर शर्मा, भूपेंद्र चौकसे जनपद अध्यक्ष, श्रीमति नीतू यादव अध्यक्ष नगर पालिका, पं गोपाल प्रसाद खड्डर, राकेश फौजदार, अरुण शर्मा, महेंद्र चौकसे, योगेश्वर तिवारी, अधिवक्ता बी के चौहान, पं सुनील चौरे सहित रामलीला के सदस्य शामिल रहे।

# 50 बालिकाओं का भ्रमण दल धार्मिक स्थलों के लिए रवाना




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा संचालित मां तुझे प्रणाम योजना अंतर्गत जिले से हरदा, रायसेन एवं नर्मदापुरम की 50 बालिका प्रतिभागियों को राज्य के विभिन्न ऐतिहासिक, पुरातात्विक, भौगोलिक, दार्शनिक एवं धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। यह भ्रमण कार्यक्रम 1 से 5 सितम्बर तक आयोजित होगा, जिसमें प्रतिभागी मांडू, ओंकारेश्वर एवं महेश्वर सहित विभिन्न प्राचीन धरोहर स्थलों का अवलोकन करेंगी। आज शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम से भ्रमण दल को रवाना किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि मनोज शर्मा, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सउमा पटेल, संस्था की प्राचार्या डॉ. कामिनी जैन, विधायक प्रतिनिधि रमेश उपरारियां, संस्था के स्पोर्ट्स अधिकारी धर्मेंद्र गुर्जर एवं ब्लॉक समन्वयक महेंद्र पचलानिया उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### लीकेज से बह रहा पानी सड़क हो रही खराब

**शाहपुर।** थाना परिसर के सामने बस स्टैंड के मुख्य मार्ग पर गड्ढे हो गए हैं। नागरिकों ने गड्ढे होने के कारण के बारे में जानकारी दी, तो पता चला यह नल-जल योजना की पाइपलाइन के लीकेज से मुख्य सडक़ पर गड्ढे हो रहे हैं। पानी बहने के कारण गड्ढे हो रहे है। गड्ढे की समस्या और पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए नगर परिषद द्वारा कोई उपाय नहीं किये जा रहे है। एक तरफ तो शासन जल बचाने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है तो वही दूसरी तरफ जल निरंतर बह रहा है।

### डोल ग्यारस पर निकलेगी कीर्तन यात्रा

**बैतूल।** विनोबा नगर स्थित लीला देव बाबा मंदिर में बुधवार 3 सितंबर को डोल ग्यारस के पावन अवसर पर भव्य कीर्तन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 5:30 बजे से शुरू होकर यह धार्मिक यात्रा सुबह 8:30 बजे तक चलेगी। आयोजक मंडल ने बताया कि डोल ग्यारस के शुभ पर्व पर आयोजित इस कीर्तन यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होंगे।


### खनिज रेत, बोल्डर का अवैध परिवहन करते 5 वाहनों को किया जब्त

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खनिज विभाग द्वारा 1 सितंबर को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौण खनिजों के अवैध परिवहन कर रहे वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है। मुलताई क्षेत्रांतर्गत ग्राम घाट पिपरिया के समीप से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 03 ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 48 एए 7538, बिना नंबर चेचिस क्रमांक एन.आर.जे.जेड.के.ए.ई 0644, वाहन बिना नंबर इंजन क्रमांक 531027266662 को जप्त कर पुलिस थाना दुनावा की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इसके अलावा खनिज बोल्डर के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 डम्पर क्रमांक एमएच 40 वाय 9933 को जप्त कर पुलिस थाना मुलताई की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। इसी प्रकार चिचोली क्षेत्रांतर्गत ग्राम सीताडोंगरी से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 1 ट्रेक्टर को जब्त किया है।

### बंटी के खिलाफ मामला दर्ज, कार भी की जब्त

# पुलिस ने 306 लीटर 1.75 लाख रुपए की अवैध शराब की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई





पवित्र नगरी शराब बंदी क्षेत्र में पुलिस के हाथ फिर अवैध शराब का जखीरा लगा है। मुलताई पुलिस टीम ने थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया के नेतृत्व में बीती रात नाका नंबर 1 के मकान के पास से टाटा कंपनी की कार से 34 पेटी 306 लीटर देसी लाल सफेद शराब के क्वार्टर से भारी पेटीया बरामद की है।

शराब की पेटियों पर गुलशन लिखा हुआ है और प्रत्येक पेटी में 50 पौव्वे होना बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा पकड़ी गई शराब का कुल मूल्य1.75 लाख रुपए बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी बंटी शिवहरे के विरुद्ध धारा 34/2 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। कार जप्ती की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आरोपी की तलाश हो रही है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर रात 12 बजे मुलताई पुलिस को सूचना मिली कि अवैध शराब व्यापारियों द्वारा नगर में अवैध शराब की खेप लाई जा रही है। पुलिस ने नाके बंदी कर नाका नंबर 1 से कार नंबर एमएच 31 डीबी 1534 की तलाशी ली, जिसमें से पुलिस ने 306 लीटर अवैध शराब जब्त की। इस शराब की कीमत लगभग 1.75 लाख रुपये है। शराब तस्कर फरार होने में सफल हो गए पुलिस जिसकी सर गर्मी से तलाश कर रही है।

#### अपराध किया है दर्ज

आरोपी बंटी शिवहरे के खिलाफ अपराध दर्ज कर अपराध में उपयोग की गई कार जप्त की जा रही है।

**देवकरण डेहरिया,** थाना प्रभारी मुलताई

#### दुकाने हुईं बंद तो गली गली बिक रही शराब

*हाल ही में मोहन यादव सरकार ने प्रदेश के 17 पवित्र नगरियों में शराबबंदी लागू कर दी। इसके बाद नगर में चार देसी विदेशी शराब दुकान बंद हो गई। इन चार शराब दुकानों से नगर में प्रतिदिन 10 लाख से अधिक का कारोबार होता था। अब इतना ही व्यापार शराब के तस्कर अवैध रूप से कर रहे हैं। अब यह शराब तस्कर अपने एजेंटों के माध्यम से घर-घर शराब पहुंचा कर प्रतिदिन लाखों रुपए का अवैध शराब व्यापार कर रहे है। जानकार बताते हैं कि छिंदवाड़ा जिले से बड़ी मात्रा में अवैध शराब लाकर मटन मार्केट क्षेत्र परगांव रोड रामनगर विशेष तौर से इंदिरा गांधी वार्ड और नाका नंबर 1 क्षेत्र में नगर के ढाबो पर शराब की यह खेप गलाई जाती है। इससे पहले भी एक ढाबा संचालक को अवैध खराब की तस्करी करते हुए पकड़ा गया था।*

### शिकायत के बाद भी नप नहीं दे रही ध्यान

## खेतों में मक्का की फसल चौपट कर रहे आवारा सूअर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

नगर की सीमा के अंतर्गत लगे बरबटपुर हल्का के किसानों की खून पसीने से लगाई गई मक्का फसल को आवारा सुअर बर्बाद कर रहे हैं। पीड़ित किसानों ने नगर परिषद में शिकायत की, लेकिन स्थित जस की तस बनी हुई है। बरबटपुर के किसान प्रमोद वर्मा, लक्ष्मी नयन शुक्ला, गोपी चंद वर्मा, राजेंद्र शुक्ला, अरविंद शुक्ला ने बताया कि खेत में लगी मक्का की फसल आवारा सुअर चौपट कर रहे हैं। लेकिन आज तक सुअर मालिक पर नगर परिषद ने कोई भी कार्यवाही नही की गई है। इन जानवरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है, कि किसान अब हताश और लाचार नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि रात-दिन खेतों में लगभग तीन दर्जन से भी अधिक सुअर का जमावड़ा लग जाता है। सुअर मक्का की फसलों को तहस-नहस कर रहा है, जिससे फसलें तबाह हो रही है। इनका झुंड खेत में घुसकर खड़ी फसल को गिरा रहे हैं। स्थिति यह है कि किसान, नगर परिषद शाहपुर के बीच पिस रहे हैं। स्थानीय किसान प्रमोद वर्मा का कहना है, कि हमारे पास ना तो हथियार हैं और ना ही कानूनी अधिकार कि हम इन जानवरों से अपनी फसलों की रक्षा कर सकें। प्रशासन से शिकायत करते हैं तो उनके पास कोई समाधान नहीं।

## जीतू पटवारी पर हमले के विरोध में सड़कों पर उतरे कांग्रेस कार्यकर्ता

### सुखदेव पांसे, निलय डागा के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर हमले के विरोध में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय डागा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौप हमलावरों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की मांग की।

बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रैली की शक्ल में ज्ञापन सौपने तहसील परिसर पहुंचे, जहां पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे ने अधिकारियों को बताया कि मुलताई में सरेआम जुआ सट्टा चल रहा है, उन्होंने भाजपा नेताओं पर संरक्षण का आरोप भी लगाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर मुलताई को जिला बनाने को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस आंदोलन की एक विशेषता यह भी थी कि लंबे समय बाद सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट दिखाई दिए विशेष तौर से सुखदेव पांसे एवं निलय डागा का एक साथ आना नए राजनीतिक समीकरणों की ओर इशारा कर रहा था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सौंप गए इस ज्ञापन में कहा गया है कि म.प्र. कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी 31 अगस्त 25 को अपने रतलाम के दौरे पर गये थे। मगरोक फाटे पर जावरा जनपद के पूर्व अध्यक्ष रामविलास धाकड़ एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक धाकड़ के नेतृत्व में कुछ लोगों ने जीतू पटवारी पर जानलेवा हमला किया तथा गाड़ी के कांच इत्यादि फोड डाले। उल्लेखनीय है कि भाजपा के 2 नेताओं मनोहर धाकड़ एवं देवीलाल द्वारा अवैधानिक एवं अनैतिक कृत्य किये जाने को लेकर जीतू पटवारी ने बयान दिया था, इन दो भाजपा नेताओं के अनैतिक कृत्य के बारे में सोशल मीडिया में काफी चर्चा भी हो रही है तथा इनके वीडिया भी वायरल हो रहे हैं। भाजपा नेताओं की सच्चाई प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आम जनता को बता रहे हैं। कुछ नेता इसे अपनी जाति से जोड़ लेते हैं एवं समूह बनाकर कानून को हाथ में लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को जान से मारने का प्रयास करते हैं जबकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा किसी भी जाति का नाम नही लिया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे, पूर्व विधायक निलय डागा, पूर्व विधायक पंजाब राव बोडखे, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय यादव, तकि उल हसन रिजवी, सुमित शिवहरे, किशोर सिंह परिहार, शिव महावरे सहीत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राधा अष्टमी पर बनाई झांकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा

बालाजी ग्रुप भौरा द्वारा राधाअष्टमी पर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी बस स्टेंड पर सत्या डांस गुरप गाडरवारा ने राधा कृष्ण की झांकी बनाई, जो आकर्षण का केंद्र बनी। पारंपरिक वेशभूषा में कई झांकियों का आयोजन किया गया, जिसमें छप्पन भोग, सुदामा कृष्ण का मिलन, कालिया देह पर भगवान श्री कृष्ण द्वारा नृत्य, छोटी-छोटी गईया छोटे-छोटे ग्वाल जैसे कई कार्यक्रम की झांकी का आयोजन किया गया। जिसमे सत्या डांस ग्रुप के मनीष कोरी ने बताया कि हमारा उद्देश हमारे पार्टी के कलाकार द्वारा जन-जन तक भगवान के प्रति आस्था जगाना का है। भौरा ग्राम में बालाजी ग्रुप एवं ग्रामवासियों द्वारा जो आयोजन किया गया है, उसकी सराहना करता हूं।

### बरहापुर, आमला झल्लार मार्ग पूरी तरह बदहाल

## सड़क पर गड्ढों से वाहन चालक परेशान, बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही



भैंसदेही से बरहापुर, आमला झल्लार मार्ग पूरी तरह बदहाल हो गया है। इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है। जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन इस सडक़ की मरम्मत या नई सडक़ बनाने की दिशा में विभाग का ध्यान नहीं है। सबसे ज्यादा परेशानी गड्ढों में पानी भर जाने के कारण उत्पन्न हो रही है। सडक़ पर गड्ढों में बरसात का पानी जमा हो गया है, जिससे गड्ढों का अनुमान नहीं लग पा रहा है और वाहन चालक इन गड्ढों की वजह से गिरकर चोटिल हो रहे है।

वाहन चालकों ने बताया कि कुछ ही समय पहले पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस सडक़ का काम ठेकेदार से कराया था, लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिये जाने के कारण सडक़ गड्ढों में तब्दील हो गई। जिसके कारण वाहन चालक परेशान है। वाहन चालकों ने बताया कि दिन के समय इन गड्ढों से बचकर निकल भी जाते है, लेकिन रात्रि के समय गड्ढे नजर नहीं आते है और वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे है। ज्यादा परेशानी दो पहिया वाहन चालकों को उठाना पड़ रहा है। वाहन चालको ने बताया कि 16 किमी लंबे इस मार्ग पर डामर कम और गड्ढे ज्यादा नजर आते है। जिसकी शिकायत अधिकारियों से भी की, लेकिन सडक़ की मरम्मत के प्रति ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी वजह से इस मार्ग पर दुर्घटनाओं का ग्राफ भी बढ़ गया है। वाहन चालकों ने सडक़ की मरम्मत किये जाने की मांग की है।

#### काम कराया जाएगा

सड़क अभी ग्यारंटी पीरियड में है। लेकिन बारिश की वजह से काम नहीं करा पा रहे हैं। जैसे ही बारिश रूकेगी, सड़क की मरम्मत कराई जाएगी। फिलहाल गड्ढों को भरने का काम कराया जाएगा।

**अखिलेश कवड़े,** एसडीओ, पीडब्ल्यूडी विभाग भैंसदेही

## डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा के अपमान पर बौद्ध समाज आक्रोशित

### गंदा कपड़ा बांधने वाले असामाजिक तत्व की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग




**बैतूल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अपमान किए जाने की घटना ने जिले में आक्रोश की लहर फैला दी है। 28 अगस्त की सुबह करीब 5 बजे असामाजिक तत्वों ने बैतूल में अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा के दाहिने हाथ पर गंदा कपड़ा बांध दिया। इस कृत्य को लेकर जनप्रतिनिधि और सामाजिक बंधुओं ने कड़ी नाराजगी जताई। इसी संबंध में 28 अगस्त को आमला विधायक योगेश पंडागरे के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम ज्ञापन बैतूल पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया था। उस समय पुलिस अधीक्षक ने संबंधित घटनाक्रम का वीडियो दिखाते हुए आश्वासन दिया था कि 29 अगस्त तक अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लेकिन आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिससे समाज में आक्रोश है। बौद्ध अनुयाई रामदास पाटिल ने कहा कि अपराधी की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। इस मौके पर ज्ञापन सौंपने वालों में एम.एल. पाटिल, मोहन गुजरे, सुनील नागले, गुलाबराव पाटिल, शेषराव हुरमाड़े, भाउराव भालेकर, जितेंद्र गोले और राकेश महोबे मौजूद रहे। वरिष्ठ नागरिक संगठन जिला अध्यक्ष बैतूल अमृतलाल चौकीकर ने कहा डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा का अपमान समाज के लिए गहरा आघात है। सामाजिक कार्यकर्ता तुकाराम लोखंडे सहित बंसीलाल मासोदकर, अमृतलाल चौकीकर और भाऊराव भालेकर ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### किसानों ने जांच की मांग : अष्टविनायक वेयरहाउस घोटाले की जांच पर भी उठ रहे सवाल

## अष्टविनायक वेयरहाउस के स्टेज 4 और 8 में मूंग खरीदी में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही



अष्टविनायक वेयरहाउस आठनेर में विगत दिनों हुई मूंग खरीदी में गड़बड़ी की शिकायत सामने आई थी। इसकी शिकायत के बाद जांच कमेटी बनी और जांच भी हुई, लेकिन इस जांच से क्षेत्र के किसान संतुष्ट नहीं है।

बताया जा रहा है कि एसडीएम और कलेक्टर बैतूल ने जांच के आदेश दिए, जिसके तहत एपीसी समूह के अधिकारी जांच में जुटे। जांच में जो सच सामने आया, उसने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बता दे कि समर्थन मूल्य में की गई मूंग खरीदी को लेकर किसानों ने गड़बड़ी का आरोप लगाया था। किसानों का आरोप है कि आठनेर से 2 किमी की दूरी पर बैतूल रोड गुनखेड़ स्थित अष्ट विनायक वेयर हाऊस को मूंग खरीदी केन्द्र बनाया गया था, जहां पर मूंग की तुलाई करते समय 50 किलो 800 ग्राम वजन किया गया। इसी मूंग को बोरियों की सिलाई करने से पहले एक किलो से लेकर तीन किलो तक गिरा दिया। बाद में मूंग जमा कर वेयर हाउस में तुलवाई गई। इस तरह 47 किलो से 49 किलो के बीच मूंग तुलवाया गया। यानी हर बोरी में औसतन 2-4 किलो के लगभग मूंग की चोरी की गई। यहां तक कि स्टेक नंबर 8 में रखे गए माल की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई, और शासन को नुकसान पहुंचाने के लिए गोदाम में भरकर रखा गया।

#### जांच पर उठ रहे सवाल

किसानों ने आरोप लगाया कि जांच दल ने केवल ऊपर रखे कट्टों की तुलाई की, जबकि असली हेराफेरी नीचे और बीच में रखे कट्टों में की गई है। इससे जांच की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। सबसे बड़ा संदेह इस बात पर है कि जांच दल के आने से पहले ही सुबह से वेयरहाउस खोल दिया गया था। क्षेत्र के किसानों ने मांग की है कि स्टेज नंबर 4 और 8 के बीच में रखे कट्टों की जांच मीडिया की मौजूदगी में की जाए। साथ ही जांच पूरी होने तक वेयर हाउस की चाबी प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में रखी जाए।

### रक्तदान की क्रांति को मिला सम्मान

## मां शारदा सहायता समिति के 30 साल रहे बेमिसाल




**बैतूल।** मां शारदा सहायता समिति की निस्वार्थ सेवाओं की प्रेरक यात्रा के तीस वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को आयोजित सेवा के तीस साल बेमिसाल। कार्यक्रम ने जिले ही नहीं, पूरे प्रदेश में सामाजिक सेवा का नया मानक स्थापित कर दिया। भारत भारती परिसर में आयोजित इस भव्य समारोह में जब समिति की सेवाओं पर आधारित झलकियां प्रस्तुत की गईं, तो कई लोगों की आंखें नम हो गईं। हजारों रक्तदान, बगैर किसी सरकारी सहायता के संचालित सेवा प्रकल्प, सिक्लसेल पीड़ित बच्चों के लिए चिंता, और समाज के प्रत्येक वर्ग में जागरूकता का विस्तार इन सभी ने समिति को रक्तक्रांति की जनक के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया है। कार्यक्रम में आमला विधायक योगेश पंडाग्रे, विद्याभारती मध्यप्रदेश के सह संगठन मंत्री अनिल अग्रवाल, समाजसेवी मुकेश खंडेलवाल, ज्योतिषाचार्य पंडित कांत दीक्षित, हेमसिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी संदीप सोलंकी और नितिन अग्रवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि शुभारंभ भारत भारती विद्यालय के छात्रों की बैंड परेड और जनगणमन से हुआ, जहां पूर्व सैनिकों ने मां भारती के चित्र को सलामी दी। रक्तदान को समर्पित रक्तक्रांति फिल्म के प्रदर्शन ने उपस्थित जनसमूह को झकझोर कर रख दिया।

## संबल योजना के लंबित अपील प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



संबल योजना के लंबित अपील प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित कराएं। यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम अपने रीडर्स को प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के लिए ताकीद करें। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले और जनपद स्तर पर ई ऑफिस प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने सभी जिला और जनपद स्तरीय अधिकारियों को ई ऑफिस प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जिला अधिकारी रोस्टर अनुरूप अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण करें। रोस्टर के अनुसार निरीक्षण नहीं किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। समग्र ई केवाईसी अभियान की प्रगति की भी कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जनपद और निकायवार समीक्षा की। उन्होंने जनपद सीईओ घोड़ाडोंगरी, सीएमओ शाहपुर को विशेष ध्यान देकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी राजस्व अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने उद्यानिकी फसलों की गिरदावरी की जानकारी भी ली। उन्होंने उप संचालक उद्यानिकी को पूरी गंभीरता से व्यवस्थित गिरदावरी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों का भी समाधान किए जाने के निर्देश दिए। समय सीमा अवधि के पत्रों की भी कलेक्टर ने जानकारी ली और उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि माननीय न्यायालयीन प्रकरणों में पूरी गंभीरता से जवाब प्रस्तुत किया जाएं। उन्होंने लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



## नवभारत साक्षरता रथ पहुंचा शाहपुर के पतौवापुरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

नवभारत साक्षरता रथ शाहपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले सामाजिक चेतना केंद्र माध्यमिक शाला पतौवापुरा पहुंचा। इस रथ को जब बच्चों ने अपने शाला के प्रांगण में देखा तो उनके मन में उत्साह और खुशी थी। सभी ने शिक्षा के प्रति जागरूकता के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। यह रथ जिला साक्षरता मिशन बैतूल की ओर से शासन के निर्देश अनुसार संचालित किया जा रहा है। इस रथ के माध्यम से लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना और जो असाक्षर है, उनको साक्षर बनाना है। विकासखंड शिक्षा स्त्रोत समन्वयक शाहपुर आरएल भादे ने अपने विचार रखे। विकासखंड सह समन्वयक अजय लाल ने उल्हास नवभारत अभियान में अपने कार्य को बखूबी निभाया। संकुल सह समन्वयक कुंडी संकुल से कृष्ण कुमार कासदे ने आदर्श सामाजिक चेतना केंद्र के विषय में जानकारी दी। फिर उल्लास नवभारत कार्यक्रम का रथ विकासखंड घोड़ाडोंगरी के लिए रवाना हुआ।

## छात्राओं ने अनुशासन व चरित्र निर्माण का लिया संकल्प



**सेमरी हरचंद।** नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंराष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की पहल पर मध्यपदेश शिक्षक संघ के प्रयास से हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य शिक्षा के सहयोग से शिक्षक एवं छात्रों में अनुशासन तथा अच्छे चरित्र निर्माण का संकल्प दिलाना था। हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र का वाचन मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मलिक जी पटेल द्वारा किया गया जिसमे विद्यालय की 350 छात्राओं एवं शिक्षकों ने जीवन में अनुशासन एवं अच्छे चरित्र निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ठाकुर, सरिता दुबे, राम नरेश सिंह ,उमा मेहरा, आरती यादव, धन सिंह मेहर, राकेश ग़ौर, राजेश पठारिया ,मुकेश रघुवंशी, अर्चना धुर्वे ,साहिबा बानो, दीपक दुबे, निर्मला कुशवाहा, अशीष मालवीय ,खेमचंद मेहरा, भास्करसाहू, सुशील कुमार ,अरुणा दुबे ,नीतू दीवान आदि शिक्षक उपस्थित थे।

### वर्षा के हृदय में था पांच मिली मीटर से अधिक व्यास का छिद्र, बनी थी जान पर

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम : आकस्मिक स्थिति में हुआ बालिका वर्षा का ऑपरेशन

ब्लॉक के कस्तूरबा बालिका छात्रावास सेमरी में प्रवेशित एक बालिका का अति आकस्मिक स्थिति में हृदय रोग का ऑपरेशन गत दिनों भोपाल में कराया गया है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत यह ऑपरेशन निशुल्क कराया गया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक के कस्तूरबा बालिका छात्रावास सेमरी में प्रवेशित एक बालिका का अति आकस्मिक स्थिति में हृदय रोग का ऑपरेशन गत दिनों भोपाल में कराया गया है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत यह ऑपरेशन निशुल्क कराया गया है। बताया जाता है कि बालिका के हृदय में बड़ा छिद्र था।

सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीएमओ डॉ. रेखा सिंह गौर एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सक डॉ. श्रवण कुमार एवं डॉ. शाहिला ने बताया कि 11 वर्षीय बालिका वर्षा अहिरवार पुत्री प्रभुदयाल अहिरवार सेमरी छात्रावास में अध्यनरत है। गत दिनों राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए छात्रावास पहुंची थी। जहां पता चला कि बालिका को तकलीफ है। डॉ. श्रवण कुमार एवं डॉ. शाहिला ने मौके से ही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की जिला समन्वयक कविता साल्वे से दूरभाष पर चर्चा की एवं बच्ची की गंभीर स्थिति से अवगत कराया। जिला समन्वयक कविता साल्वे ने तत्काल बालिका के लिये स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था करवाई। जिलाधिकारियों ने सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गहलोत के निर्देश अनुसार ऑपरेशन का एस्टीमेट व प्रस्ताव तैयार किया। एवं मात्र दो दिनों के अंदर ही बालिका को ऑपरेशन के लिए जेके हॉस्पिटल भोपाल भेज दिया गया। बालिका का ऑपरेशन सफल रूप से हो चुका है एवं शनिवार को जेके हॉस्पिटल भोपाल से उसकी छुट्टी भी हो चुकी है।

### था पांच मिमी से बड़ा छिद्र

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिकित्सकों के अनुसार बालिका वर्षा की जब जांच हुई तो ज्ञात हुआ कि उसके हृदय में छिद्र है। सामान्य रूप से छिद्र छोटे होते हैं। और उनके ऑपरेशन अनिवार्य रूप से शीघ्र कराए जाते हैं। लेकिन वर्षा का मामला बहुत क्रिटिकल था। क्योंकि उसके हृदय में छिद्र पांच मिली मीटर से अधिक व्यास का था।

जो वर्षा के लिये जानलेवा साबित हो सकता था। यह स्थिति हृदय रोगियों के स्वास्थ्य के लिये जटिलतम मानी जाती है। मामले में जिला स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों की सराहना करनी होगी, जो सूचना मिलते ही तत्काल सक्रिय हुए और वर्षा का सफल ऑपरेशन करवाया है। डॉ. श्रवण कुमार एवं डॉ. शाहिला ने बताया कि बालिका के ऑपरेशन में परिजनों की कोई राशि नहीं लगी है। क्योंकि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार गंभीर रोगों से पीड़ित बच्चों का निशुल्क ऑपरेशन करवाती है।

## 10 हजार के इनामी हत्यारोपी अब्बास अली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

25 दिसंबर 2024 की रात इटारसी के ईरानी डेरा में हुए हिंसक हमले और हत्या के मामले में फरार चल रहे 10,000 के इनामी आरोपी अब्बास अली ईरानी को इटारसी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 10 लोग घायल हुए थे।

### क्या थी घटना?

यह घटना 25 दिसंबर 2024 को आधी रात के बाद करीब 3:00 बजे हुई थी। नर्मदापुरम, पिपरिया, काटोल (महाराष्ट्र) और मुजफ्फरपुर (बिहार) के ईरानी समुदाय के कुछ आरोपियों ने संगठित होकर इटारसी के ईरानी डेरा पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। इस हमले में मासूम अली ईरानी की मृत्यु हो गई थी, जबकि 10 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### पुलिस की कार्रवाई

इस घटना के बाद प्रार्थी सैफू पिता मासूम अली ईरानी की शिकायत पर इटारसी थाने में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 940/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए नर्मदापुरम के पुलिस अधीक्षक, डॉ. गुरकरन सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया और थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में, गौरव सिंह बुंदेला और उनकी टीम ने लगातार दबिश दी और पहले 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बाद में तीन और आरोपियों को पकड़ा गया। चूंकि आरोपी ईरानी समुदाय से जुड़े थे और उनके रिश्तेदार देश के अलग-अलग राज्यों में फैले हुए थे, इसलिए फरार आरोपियों को पकड़ना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती थी।

### इनामी आरोपी की गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रू 10,000 का नकद इनाम घोषित किया था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम को पता चला कि इनामी आरोपी अब्बास अली ईरानी जबलपुर के आयशा नगर, आधारताल थाना क्षेत्र में छिपा हुआ है। तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रधान आरक्षक उपेंद्र दुबे, आरक्षक राजकुमार झपाटे, और आरक्षक महेंद्र गुर्जर ने जबलपुर पहुंचकर आरोपी को बड़ी मशक्कत के बाद हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान अब्बास अली ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## ग्रामीण अंचलों में मनाई गई राधाष्टमी निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया अखिल भारतीय गुर्जर समाज के दारा राधा अष्टमी जन्मोत्सव चल समारोह का आयोजन किया गया राधा कृष्ण मंदिर से गुर्जर भवन तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें राधे-कीधुन से शहर बरसाने में बदल गया पिपरिया विधानसभा क्षेत्र से लेकर सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग शामिल हुए। मंगलवारथाने के पास राजा पलिया ने मीठा वितरण किया गया तो चौराहे पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंदराय। सहित अन्य सभी लोग शामिल हुए। सभी ने शोभायात्रा का स्वागतसमान किया। उसके बाद राधावल्लभ वैष्णव परिषद ने भी हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष श्याम सुन्दर सोनी के निवास से मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो महिलापुरुष सभीयुवक शामिल हुए। जगह-जगह धूमधामसे मनाया गया सुबहसे ही उनके तैयारी कर रहे थे।

## चिंतामणि गणेश मंडल की नई पहल समाजसेवियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर में गणेशोत्सव को लेकर उत्साह चरम पर है। इस साल, चिंतामणि गणेश सार्वजनिक मंडल ने एक अनोखी और प्रेरणादायक पहल की है। मंडल ने इस वर्ष गणेशोत्सव में सिर्फ धार्मिक आयोजन तक सीमित न रहकर उन लोगों को भी सम्मान किया जिन्होंने समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मंडल के द्वारा रविवार को गणेशोत्सव के दौरान एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष मप्र विधानसभा डॉ सीतासरन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी प्रमोद पगारे, नपाध्यक्ष पंकज चौरे, नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, सर्वब्राह्मण समाज जिलाध्यक्ष जितेंद्र ओझा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे एवं सेवाभावियों का सम्मान किया। मंडल ने उन सेवाभावी, जनहितैषी और सामाजिक कार्यों में अग्रणी लोगों का सम्मान किया, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की है। इस क्रम में गौ सेवक विक्रम यादव, दीपू पटोदिया, कुत्तों की देखरेख रखरखाव के लिए करण राजपूत, हेल्पिंग हैंड, नगर टोली, विनोद चौधरी रेलवे, रिंकू सीताराम, अभिषेक राजपूत कर भाल सो हो भला जैसी शख्सियतों का सम्मान किया गया।

### सेवा भी, सम्मान भी

चिंतामणि गणेश मंडल का मानना है कि गणेशोत्सव सिर्फ पूजा-पाठ का पर्व नहीं है, बल्कि यह समाज में सद्भावना और भाईचारा बढ़ाने का भी अवसर है। इसी सोच के साथ, यह सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है ताकि उन गुमनाम नायकों को पहचान मिल सके जो बिना किसी लालच के समाज को बेहतर बनाने में लगे हैं। इस पहल का उद्देश्य लोगों को सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करना और एक सकारात्मक माहौल बनाना है। यह खबर शहर में एक सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगाती है और दिखाती है कि धार्मिक आयोजन भी सामाजिक जिम्मेदारी के साथ जुड़कर एक नया आयाम ले सकते हैं।

## डोल ग्यारस के दौरान यातायात सुधार के लिए पार्षद ने मांगा सहयोग

**सोहागपुर।** डोल ग्यारस पर्व के लिये नगर के मातापुरा वार्ड पार्षद भास्कर मांझी ने प्रशासन को आवेदन देकर अवगत कराया है कि वार्ड में यातायात व्यवस्था में सुधार आवश्यक है। पार्षद के अनुसार प्रतिवर्ष भगवान श्रीकृष्ण के विमान वार्ड के तीन मंदिरों से नगर भ्रमण के लिए निकाले जाते हैं एवं कार्यक्रम वार्ड में बड़े धूमधाम से आयोजित होते हैं। ऐसे में मुख्य गलियों में भीड़ और यातायात अवरोध की स्थिति बन जाती है। पार्षद ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को पत्र लिखकर मांग की है कि महोत्सव के दौरान पुलिस बल की व्यवस्था की जाए। साथ ही मांग की है कि मुख्य मार्गों पर बेरिकेट्स उपलब्ध कराए जाएं, ताकि आवागमन सुचारू रहे और शांति व्यवस्था बनी रहे। उल्लेखनीय है कि नगर शांति समिति की बैठक गत सप्ताह हुई थी। जिसमें मातापुरा वार्डवासी एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने भी प्रशासन से मांग की थी कि उनके वार्ड में गणेश उत्सव व डोल ग्यारस सहित अन्य त्यौहारी समय में भारी वाहनों का प्रवेश बंद रखा जाऐ।

## लोडिंग वाहनों में बैठाई जाती है सवारियां, दुर्घटनाओं के आसार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम-पिपरिया स्टेट हाईवे पर सैकड़ों लोडिंग वाहनों को सवारी वाहन के रूप में दौड़ाते देखा जा सकता है। सवारियों को लोडिंग वाहनों में बिठाया जाता है। जिसके चलते दुर्घटनाओं के आसार बढ़ रहे हैं एवं प्रशासनिक मौन समझ से परे है।

नागरिकों का कहना है कि समूचे नर्मदापुरम जिले में स्टेट हाईवे पर सैकड़ों लोडिंग वाहनों को सवारी वाहनों के रूप में परिवर्तित होते देखा जा सकता है। जहां माल वाहक वाहनों में सवारियों को जानवरों की तरह ठूंसकर बिठाया जाता है। यहां तक कि कई बार सवारियां गाड़ी के पीछे जान का जोखिम लेकर लटके हुए देखी जा सकती हैं। लेकिन संबंधित विभाग कार्रवाई को लेकर गंभीर नज़र नहीं आते हैं। यह स्थिति कभी भी जानलेवा साबित हो सकती है। आवश्यकता है कि जिला प्रशासन इस दिशा में विशेष अभियान चलाए एवं लोडिंग गाड़ियों के चालको एवं संचालकों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे सवारियां बिठाना बंद करें। जनता के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर उचित कार्रवाई भी की जाए।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन, जनप्रतिनिधियों ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



स्थानीय डॉ. भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। लोकहित में एक राष्ट्र-एक चुनाव के बहुआयामी सकारात्मक परिणाम के परिपेक्ष्य में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए

### 'एक राष्ट्र एक चुनाव' राष्ट्र का विषय है

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने अपने वक्तव्य में कहा की,एक राष्ट्र, एक चुनाव व्यवस्था से लोकतांत्रिक प्रक्रिया और मजबूत होगी,समय, धन व संसाधनों की बचत होगी,विकास कार्यों में निरंतरता आएगी,प्रशासनिक व सुरक्षा संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा। कई विकसित देशों में यह परंपरा लागू है, भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में सुशासन और स्थिरता की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकती है, संगोष्ठी के पश्चात नगर में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय को लेकर पैदल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीतासरन शर्मा , राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, इटारसी नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, नर्मदापुरम नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव, मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, मयंक मेहतो, ग़णमान्य नागरिक, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठजन, पदाधिकारी, मातृ शक्ति एवं कार्यकर्ता की गरिमामय उपस्थिति रही।

## नगर की मिराज किंगडम कालोनी में मनाई राधाष्टमी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के कुलामड़ी रोड़ स्थित मिराज किंगडम कालोनी में विराजित श्रीगणेश प्रतिमा पंडाल में भगवान गणेश की महाआरती का आयोजन किया गया। वहीं श्रीराधा अष्टमी के अवसर पर नन्हेमुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण एवं श्रीराधा जी की भूमिका में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर श्रेयशी, शावी, शिवि, प्रशा, आशी,ईशी की प्रस्तुति को समिति के सौरभ दीवान , जितेंद्र दीक्षित , विशेष तिवारी , रानू दीवान, रक्षिता तिवारी ,प्रियंका तिवारी सहित समिति के सदस्यों ने सराहना की।

## पासी समाज ने मनाया जरायम पेशा कानून मुक्ति दिवस, जिले की प्रतिभाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




अखिल भारतीय पासी समाज संगठन ने रविवार को जरायम पेशा कानून मुक्ति दिवस के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, संविधान सभा सदस्य एवं प्रथम सांसद मसूरियादीन पासी के योगदान को याद किया गया, जिन्होंने समाज को जरायम पेशा कानून से मुक्ति दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा शामिल हुए, जबकि अध्यक्षता परासिया विधायक सोहनलाल वाल्मीकि ने की। विशेष अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय पासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद बावरिया मौजूद रहे। समारोह में शिक्षा, खेल, कला, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्मदापुरम जिले के इटारसी, बांद्राबांध, रायपुर, मालाखेड़ी, आरी, सिवनी मालवा सहित अन्य क्षेत्र से आए प्रतिभागियों को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा पासी समाज की ओर से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा का भी अभिनंदन किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन शिक्षक तुलसीराम बाबरिया ने किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, आदि शामिल रहे।

### तैराकी प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# जिले के खिलाड़ियों ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



अंडर 19 मै बालक वर्ग मे, 4 गोल्ड मेडल, 1 ब्रोंच मेडल, व चैंपियन शिप जीत कर यश्वर्धंन ने अपना स्थान नेशनल हेतु अंडर 14 बालक वर्ग मे आरोन डेविड ने 1 गोल्ड, 1 सिल्वर , व 1 ब्रोंच मेडल जीत अपना स्थान सीबीएससी नेशनल तैराकी प्रतियोगिता 2025 रोहतक मै वेस्ट ज़ोन इंडिया का प्रतिनिधित्व करेंगे। एवं अंडर 14 फ्री शैली रीले तैराकी प्रतियोगिता मे आरोन डेविड, अगस्त यादव, पार्थ बरोनिय और नित्या निगोटे के द्वारा ब्रोंच मेडल जीता गया। इस अवसर पर सोमवार को डाल्फिन स्विमिंग अकादमी नर्मदापुराम में पीटी अरुण शर्मा, की गरिमामय उपस्थिति मे मध्य प्रदेश तैराकी संघ के सचिव जय वर्मा, डॉ महेश्वरी आलोक राजपूत, विवेक सिंह भदोरिया , सिधर्थ चौहान, मर्तांड् देशमुख, सतीश मेहरा, डॉ आकाश डेविड , अशोक यादव, गोपाल बरोनिया, अनिल दुबे, मोहन बमानिया के द्वारा सम्मान आशीर्वाद देते हुए खिलाडियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## नर्मदा कालेज के प्राध्यापक अपनी सेवा से हुए सेवानिवृत्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पीएम श्री नर्मदा कॉलेज में विदाई सम्मान समारोह आयोजित कर डॉ बीएल राय प्राध्यापक भूगोल डॉ आर एस बोहरे प्राध्यापक वाणिज्य तथा गुलाब मांडवी प्रयोगशाला तकनीशियन को सेवानिवृत्ति उपरांत भावभीनी विदाई दी गई ।इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, सीतासरन शर्मा, माया नारोलिया राज्यसभा सांसद, गिरजा शंकर शर्मा पूर्व विधायक भवानी शंकर शर्मा, पीयूष शर्मा समाजसेवी अरुण शर्मा शिक्षाविद्, योगेश खंडेलवाल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव ,सांसद प्रतिनिधि मनीष परदेसी ,पूर्व प्राचार्य डॉ एल एल शर्मा, डॉ एल एल दुबे, डॉ ओ एन चौबे ने अपनी गरिमा मयी उपस्थिति दी । स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ आरके चौकसे ने डॉ राय डॉ बोहरे और मांडवी की कार्य कुशलता समर्पण और कार्य निष्ठा हम सभी को प्रेरित करती है।

## ऑनलाइन पंजीयन के लिए आवेदन मांगे

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठयक्रम संचालित करने वाले शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए तृतीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, एनसीटीई पाठयक्रमों में प्रवेश में लिए विद्यार्थी 27 से 29 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 27 से 30 अगस्त तक होगा। प्रवेश के लिये मेरिट सूची का प्रकाशन 1 सितंबर को होगा। विद्यार्थियों के लिए 2 सितंबर को सीट आवंटन जारी किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों (टीसी, माइग्रेशन) के साथ भौतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होकर 2 से 4 सितंबर तक लिंक इनिशिएट कराना होगा। विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 2 से 6 सितंबर तक करना होगा।

## राधा अष्टमी पर ग्राम सतवासा में निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर विकासखंड के नर्मदा किनारे के ग्राम सतवासा में राधा अष्टमी के उपलक्ष में शोभायात्रा निकाली गई एवं राधा जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया राधा भक्तों ने जन्मोत्सव पर एक दूसरे को बधाई दी। शोभा यात्रा में ढोल बाजे डीजे बजाते हुए ग्राम के मुख्य मार्ग से होती हई मंदिर पहुंची जहां ग्राम वासियों ने बधाई देते हुए भजन गाए श्री राधा रानी की पूजन आरती कर प्रसादी वितरण की गई राधा रानी के जन्मोत्सव के आयोजन में ग्राम पंचायत सतवासा के सरपंच शिवकुमार पटेल पूर्व सरपंच योगेंद्र सिंह चौधरी पूर्व सरपंच रईस पटेल पूर्व सरपंच मलिक जी पटेल महेश दुबे मुकेश दुबे भोपाल सिंह चौधरी जालम सिंह पटेल गणेश राम दुबे आशीष दुबे एवं समस्त ग्राम वासियों द्वारा राधा जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

## खबर संक्षेप



### बुंदड़ा में युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की

**हरदा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम बुंदड़ा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 27 साल के मुरलीधर नागेश ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक दो छोटे बच्चों का पिता था। सोमवार सुबह जब मृतक की मां दूध लेने के लिए उठीं, तो उन्होंने अपने बेटे को फंदे पर लटका देखा। मां की चीख पुकार सुनकर परिवार के बाकी लोग पहुंचे। परिजनों ने इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता आशाराम नागेश ने बताया कि उनका बेटा हरदा में अपने साले की कपड़े की दुकान पर काम करता था। उसने सैलरी एडवांस के करीब 55 हजार रुपए अपने साले से लिए थे। रविवार को ससुराल पक्ष के लोग घर आए और रुपयों की मांग को लेकर धमकी देकर गए थे। परिवार ने रुपए लौटाने का आश्वासन दिया था। एक ढाई साल का और दूसरा मात्र दो महीने का। वह अपने पिता का इकलौता बेटा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या के सटीक कारणों का पता जांच के बाद ही चल पाएगा। ससुराल पक्ष और परिजनों से बातचीत की जा रही है, फिलहाल कारण स्पष्ट नहीं है।

### कार्य दिवस की शुरुआत ''वंदेमातरम'' गायन से हुई

**हरदा।** प्रत्येक माह के पहले कार्य दिवस की शुरूआत शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगीत ''वंदेमातरम'' गायन के साथ होती है। इसी क्रम में सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कार्यालयों के अधिकारी कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 1.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 1.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0 मि.मी., टिमरनी में 2.3 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 3.4 मि.मी. तथा रहटगांव में 3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 892.2 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 762.5 मि.मी., टिमरनी में 1059.9 मि.मी., खिरकिया में 927.5 मि.मी., सिराली में 897.1 तथा रहटगांव में 814.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 1 सितम्बर तक 842.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

# जरूरतमंदों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय ओरिएंटेशन बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को अभियान के उद्देश्य सेवा, समर्पण और संकल्प के माध्यम से अंतिम छोर तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस महत्वाकांक्षी प्रोग्राम का 7 विभागों सहित एनजीओ के सहयोग से संचालन किया जाएगा। जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुए प्रोग्राम सह वर्कशॉप में संबंधित विभागों के जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स ने विकासखंड व ग्राम स्तर तक अभियान के संचालन और निर्धारित कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया। इन मास्टर ट्रेनर्स द्वारा गत दिवस भोपाल में चार दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान मिली उपयोगी जानकारी भी साझा की गई। कार्यशाला में बताया गया कि अब विभाग के विकासखंड स्तरीय आदि कर्मयोगी अधिकारियों के दल को प्रशिक्षण देकर सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने तथा वास्तविक जरूरतमंद हितग्राही की पहचान सहित उत्तरदायी, पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों के बारे में बताया जाएगा। कलेक्टर सिध्दार्थ जैन ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम के मौके पर कहा कि शासन की मंशानुसार जनजातीय वर्ग के व्यक्तियों के उत्थान के लिए समाज के जागरूक लोगों का चयन करें। इसके माध्यम से आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के साथ ही मुख्य धारा में शामिल करने का हरसंभव प्रयास किया जाए। उन्होने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के चयनित 103 ग्रामों में आदि साथी एवं आदि सहयोगियों का समर्पित वर्ग भी तैयार करें। इन ग्रामों में विभिन्न योजनाओं के सेचुरेशन से वंचित शेष लोगों तक आसानी से योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कार्यवाही करें।

#### आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा

उन्होंने अवगत कराया कि आदि कर्मयोगी अभियान में शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा आदि सहयोगियों एवं अन्य समर्पित वर्ग के सदस्यों द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की कार्यशाला के उपरांत ग्राम पंचायत स्तर की कार्यशाला के बेहतर प्रशिक्षण तथा अन्य गतिविधियों के आयोजन के निर्देश भी दिए गए। बताया गया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया जाएगा। साथ ही भविष्य में आदि सेवा केन्द्रों का संचालन भी होगा।

#### तत्परतापूर्वक समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए

कलेक्टर ने सभी आदि कर्मयोगियों को सेवा और समर्पण भाव से कार्य कर तत्परतापूर्वक समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही गरीब व्यक्यिों के प्रति संवेदनशील बनकर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की बात कही। इस दौरान बैंकों की वित्तीय सेवाओं की आसान पहुंच सुनिश्चित करने सहित एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ को समन्वय कर प्रत्येक व्यक्ति का खाता खुलवाने, बीमा योजना के लाभ के लिए अपने क्षेत्र में वांछित कार्रवाई तथा समय-समय पर प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों के प्रस्ताव समय पर प्रस्तुत करने और ग्राम की आवश्यकताओं का आकलन करने की बात भी कही।कार्यशाला में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, जिला पंचायत के प्रभारी सीईओ प्रवीण इवने, प्रभारी जिला संयोजक आदिवासी विकास विभाग रवि कनोजिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

आवश्यक निर्देश प्रदान किए

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रधान जिला न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अरविंद रघुवंशी ने सोमवार को जिला जेल, हरदा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने जिला जेल में संचालित लीगल एड क्लीनिक एवं पुरुष व महिला बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों को प्राप्त होने वाली मूलभूत सुविधाएं रसोई घर, पीने के पानी, बैरकों में साफ-सफाई, बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं, भोजन व्यवस्था का भी जायजा लिया व आवश्यक निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि जेल में कुल 288 दंडित एवं विचाराधीन बंदी निरुद्ध हैं, जिनमें से 281 पुरुष एवं 7 महिलाएं हैं जबकि जेल में 90 बंदियों की क्षमता हैं। जेल में क्षमता से अधिक बंदी निरूद्ध है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जाने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान 7 बंदी ऐसे पाये गये, जिनके प्रकरणों में अधिवक्ता उपलब्ध नहीं थे, जिस पर तत्काल जेल लीगल एड क्लीनिक नामांकित पैरालीगल वालेंटियर्स के माध्यम से नियमानुसार आवेदन पत्र लेकर उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की कार्यवाही की गयी। निरीक्षण के दौरान बंदियों से पृथक-पृथक व्यक्तिगत रूप से उनकी समस्याओं को जाना और निःशुल्क विधिक सहायता योजना के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्टेट लवकेश सिंह, न्यायिक मजिस्टेट प्रथम श्रेणी एस.के. भदकारिया, सहायक जेल अधीक्षक मनीषा यादव तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित थे।

## मां तुझे प्रणाम योजना में दल रवाना

### सामाजिक कार्यकर्ता वर्ग में 50 प्रतिभागियों का किया चयन




**हरदा।** मां तुझे प्रणाम योजनान्तर्गत नर्मदापुरम संभाग से हरदा, रायसेन एवं नर्मदापुरम की एन.सी.सी, स्काउट, खेल, मेधावी, तथा सामाजिक कार्यकर्ता वर्ग में चयनित 50 प्रतिभागियों को मांडू, ओम्कारेश्वर व महेश्वर तक राज्य के विभिन्न पुरात्व धरोहर, भौगोलिक, दर्शनिक एवं धार्मिक प्राचीन स्थलो का भ्रमण कराया जायेगा। जिला खेल अधिकारी उमा पटेल ने बताया कि सोमवार को शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय से सांसद प्रतिनिधि मनोज शर्मा, संस्था की प्राचार्य कामिनी जैन, विघायक प्रतिनिधि रमेश उपरारियां, संस्था के स्पोर्ट्स अधिकारी धर्मेंद्र गुर्जर ने जिले के प्रतिभागियों को खेल प्रशिक्षक आस्कर मोजिस, ब्लॉक समन्वयक सलमा खान, उपासना ठाकुर, आरती शर्मा, शशि रघुवंशी के साथ दल को रवाना किया। यह दल 1 से 5 सितंबर तक प्रदेश के विभिन्न स्थलों का भ्रमण करेगा।

ट्रांसजेंडर्स को सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु बैठक

## विभागीय सहायता देने पर चर्चा की

**हरदा।** सोमवार को उपसंचालक सामाजिक न्याय जिला कमलेश सिंह की अध्यक्षता में ट्रांसजेंडर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ट्रांसजेंडर्स समुदाय को घर जाकर दी जाने वाली विभागीय सहायता के संबंध में चर्चा की गई एवं रानी बाई निवासी हंडिया जिला हरदा का ऑनलाइन आवेदन पहचान पत्र हेतु प्राप्त किया गया। बैठक में विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं टांसजेण्डर्स उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया है कि आगामी समय में जिला स्तरीय बैठक आयोजित कर जिले के सभी ट्रासंजेण्डर्स के साथ चर्चा की जाएगी।



बिलों मे वृद्धि से आम जनता परेशान है

## बिजली दरों में बेतहाशा वृद्धि को लेकर नगर और युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**खिरकिया।** शहर और क्षेत्र मे बिजली बिलों मे बेतहाशा वृद्धि से आम जनता परेशान है बिजली विभाग द्वारा लगाए गए नए मीटर एवं बढाई गई है । दरे आम जनता पर भारी बोझ साबित हो रहा है इस संबंध मे शहर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष कोठारी एवं युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष इमरान शेख के संयुक्त नेतृत्व मे ज्ञापन देते हुए कोठारी ने कहा कि अगर बिजली विभाग ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो कांग्रेस पार्टी बड़ा आंदोलन करेगी ज्ञापन एस डी एम की अनुपस्थिति मे नायब तहसीलदार प्रिंसि जेन को दिया. इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सिंह चौहान दशरथ पटेल आकाश चन्द्रवंशी गोल्डी कुशवाह भूपेंद्र राजपूत बंटी वर्मा सुनील छचार प्रवीण पाटिल नरेंद्र आठनेरे हार्दिक जायसवाल पूनम सेजकर तरुण राजपूत रामजीवन सातनकर उपस्थिति थे ।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के अंतर्गत 7 ग्रामीण सड़कों के लिए स्वीकृति मिल गई

### जनपद पंचायत अध्यक्ष ने किया था प्रयास, ग्रामीणों को सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

जनपद पंचायत खिरकिया क्षेत्र के आदिवासी अंचल में अब बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध होने जा रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–4 के अंतर्गत कुल 7 ग्रामीण सड़कों को स्वीकृति मिल गई है, जिनकी कुल लंबाई लगभग 27 किमी से अधिक होगी। डी.पी.आर. तैयार होने और वन विभाग से अनुमति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जनपद अध्यक्ष रानू पटेल ने सड़कों की सौगात के लिए केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके और टिमरनी विधायक अभिजीत शाह को धन्यवाद प्रेषित किया है ।

#### आदिवासी अंचल को सीधा लाभ

इस महत्वपूर्ण निर्णय में जनपद पंचायत अध्यक्ष रानू दशरथ पटेल की अथक मेहनत और पहल रही, जिसे केंद्रीय जनजातीय मंत्री दुर्गादास ऊईके और क्षेत्रीय विधायक अभिजीत शाह का सहयोग मिला। सड़कों के निर्माण से आदिवासी अंचल के ग्रामीणों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी, किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में आसानी होगी, बच्चों के लिए स्कूल पहुंचना सरल होगा और बीमारों को अस्पताल ले जाने में भी सुविधा होगी।



#### इन सड़कों का होगा निर्माण

सुंदरपानी रोड से कुंभिखेड़ा– 3.72 किमी, सुंदरपानी से गेंदाढाना– 2.70 किमी, मसनगांव मकड़ाई (सोनपुरा) से नानी मकड़ाई– 1.63 किमी, भीमपुरा-कालाकहु मार्ग से कौथमी– 1.86 किमी, खुदिया मोरगढ़ी से घोड़ापाट– 5.72 किमी, पटाल्दा से झापनादेह– 3.72 किमी, भीमपुरा से कालाकहु – 7.85 किमी सड़क होगा निर्माण।

किसानों की पुकार-सोयाबीन की फसल बर्बाद

# जल सत्याग्रह से सरकार को झकझोरने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सोयाबीन की फसल इस बार भी किसानों को धोखा दे गई। प्रदेश के भोपाल, सीहोर और शाजापुर जिले के किसान लगातार समाजसेवी एमएस मेवाड़ा जी के नेतृत्व में खराब फसल की बीमा राशि की मांग कर रहे हैं। लेकिन अब तक सरकार और बीमा कंपनी के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि पिछले एक सप्ताह से अधिक दिन से अलग किसान अलग-अलग गांवों में अलग-अलग रंग में अनोखे और भावुक कर देने वाले आंदोलन कर रहे हैं।

**नदी में खड़े होकर जल सत्याग्रह:** भोपाल जिले के ग्राम टीला खेड़ी के किसान कुलासी नदी में जल सत्याग्रह कर रहे हैं, जबकि सीहोर जिले के परवां और सीवन नदी में किसान अर्द्धनग्न होकर पानी में खड़े हैं। शाहजहांपुर में भी कई गांवों के किसान नदी में खड़े होकर आंदोलन कर रहे हैं। यह दृश्य हर किसी का दिल पसीजाने वाला है।

**खेतों से लेकर सडक़ों तक आंदोलन :** किसान अपनी बर्बाद हुई सोयाबीन की फसल हाथों में लेकर खेतों और सडक़ों पर उतर आए हैं। सीहोर जिले के दर्जनों गांवों के किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में फसल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर एसडीम को को सौंपा।



**पेड़ों पर घंटियां बजाकर चेतावनी :** कई गांवों में किसान पेड़ों पर घंटियां बजाकर सरकार को जगाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, रामाखेड़ी के किसानों ने राजस्थान के झुनझुन से डाली गई बीमा राशि नहीं मिली तो खराब सोयाबीन के खेतों में बजाय झुंझुनू ग्राम लसूडिया खास के किसानों ने पार्वती नदी में जल सत्याग्रह किया ग्राम छापरी कल के किसानों ने बीमा कंपनी का पुतला निकाल कर सीवन नदी में डुबाया किया जल सत्याग्रह एवं खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लेकर ढोल मजीरे के साथ प्रधानमंत्री मोदी पर गीत भजन गाकर की बीमा की मांग ग्राम पीपलनेर के किसान सोयाबीन की फसल लेकर सडक़ों पर लेट गए। ग्राम छोटी मुंगावली में किसान अर्धनग्न होकर नदी के गहरे पानी में खड़े होकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इन अनोखे प्रदर्शनों से किसानों का दर्द साफ झलक रहा है।

**पांच वर्षों से जारी है संघर्ष :** किसानों और समाजसेवी एमएस मेवाड़ा का कहना है कि विगत पांच वर्षों से हर बार किसी न किसी प्राकृतिक आपदा, नकली कीटनाशकों, ओलावृष्टि और बीमारियों के कारण फसलें चौपट हो रही हैं। इसके बावजूद किसानों को बीमा राशि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सीहोर से लेकर भोपाल तक कलेक्टर और कमिश्नर के सामने बार-बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं।

**बीमा कंपनी और सरकार पर सवाल :** किसानों का आरोप है कि बीमा कंपनियां केवल प्रीमियम काट रही हैं लेकिन नुकसान की भरपाई को तैयार नहीं हैं। बैंक खातों से बीमा राशि काट ली जाती है।

## 27 को निकाली जाएगी 151 मीटर लंबी भव्य चुनरी यात्राः पंडित मिश्रा

**सीहोर।** नवरात्रि के पावन पर्व पर हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वाधान में हर साल निकलने वाली ऐतिहासिक चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर शहर के गंज स्थित राठौर धर्मशाला में बैठक हुई। 151 मीटर लंबी चुनरी यात्रा 27 सितंबर को करोली वाली माता मंदिर गंज से शुरु होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई इलाही माता हनुमान फाटक कस्बा पर महाआरती एवं प्रसादी वितरण के बाद समाप्त होगी। इस मौके पर बैठक के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 13 सालों से हिंद रक्षक युवा समिति के तत्वाधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य चुनरी यात्रा सीहोर शहर की पहचान बन गई है। यह ऐतिहासिक यात्रा है जिसमें माता की चुनरी का स्पर्श करने के लिए हर श्रद्धालुओं की कामना रहती है और



जिस मार्ग से यह यात्रा निकाली जाती है वहां पर क्षेत्रवासी, सामाजिक संगठन श्रद्धालुओं का आस्था और उत्साह के साथ स्वागत करते है। चुनरी यात्रा को लेकर समिति की बैठक के पहले समिति के संरक्षक नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कथा वाचक पंडित मिश्रा, संत हरिराम दास महाराज, पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, भाजपा नेता सन्नी महाजन के अलावा महिला मंडल के पदाधिकारी, पार्षदगण, समाजसेवी मौजूद रहे।